




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 51 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 03 दिसम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया


## नीलगाय से टकराये बाइक सवार, पिता - पुत्र घायल

**मनासा, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नीमच सिटी थाना इलाके में नीमच-मनासा रोड पर टोल प्लाजा के पास रविवार रात सड़क हादसा हो गया। मानसरोवर होटल के सामने बाइक सवार पिता-पुत्र नील गाय से टकरा गए। इस हादसे में दोनों घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बाइक सवार मनासा तहसील के गांव नलखेड़ा के रहने वाले थे। वे रात को नीमच से अपने घर लौट रहे थे, तभी उनकी बाइक के सामने अचानक से एक नील गाय आ गई। नील गाय की टक्कर से बाइक सवार सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 100 की मदद से दोनों को उपचार के लिए नीमच के बड़े अस्पताल भेजा गया। इस हादसे में नलखेड़ा निवासी कोमल पिता भंवरलाल जैन ओर उनका 8 साल का बेटा घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक खेत की तरफ से अचानक नीलगाय सड़क पर आ गई। इस दौरान टक्कर लगने से कोमल जैन और उनका बेटा घायल हो गए। दोनों को सिर में गंभीर चोट लगी है। बड़े अस्पताल में दोनों का इलाज जारी है।

# आरटीओ की शह पर बस वालों के हौसले बुलंद

## यात्रियों से खुली लूट, शादियों की सीजन में ओवरलोड बसें



### न किराया सूची और न फर्स्ट एड बॉक्स

**मंदसौर, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस। आरटीओ विभाग और बस मालिकों की जुगलबंदी से परेशान हो रहे हैं यात्री। रतलाम-मंदसौर मार्ग पर चलने वाली यात्री बसों द्वारा परिवहन विभाग के नियमों की खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यात्रियों से खुली लूट की जा रही है। मनमाना किराया बस वाले वसूल रहे हैं। यात्री बसों में न किराया सूची है और ना फर्स्टएड बॉक्स। सीट के मान से अधिक सवारी बसों में बिठाई जाती है। ऐसे में लोगों की जान जोखिम में डाली जा रही है।**

आरटीओ कभी-कभार कुछ बसों की जांच कर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई तो करता है। लेकिन, सहायक ग्रेड तीन की बाबू के साथ अमले द्वारा मामूली जुर्माना कर छोड़ दिया जाता है। इस कारण नियमों का सही तरीके से पालन नहीं होता है। रतलाम व मंदसौर के लिए प्रतिदिन सैकड़ों बसों की आवाजाही होती है। लेकिन, एक भी बस में दूरी के मान से किराया सूची नहीं लगाई गई है। इतना ही नहीं कई बार जांच में कई बसों के परमिट भी नहीं होते। बस चालक नियमों को ताक पर रखकर क्षमता से अधिक सवारी बिठा लेते हैं। कई बार सवारी इतनी हो जाती है कि उन्हें खड़े-खड़े सफर करना पड़ता है। ऐसे में कभी भी सफर हादसे का रूप ले सकता है। नगर से उज्जैन, नागदा, बड़नगर, रतलाम, नीमच, मंदसौर, धार, बदनावर आदि अन्य शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बसों की आवाजाही होती है। बसों में फर्स्ट एड बॉक्स नहीं होने से किसी भी यात्री के दुर्घटना होने पर उसे प्राथमिक उपचार नहीं मिल सकता है।

### ऐसे हो रहा है उल्लंघन...

1. बसों पर न तो बीमा का उल्लेख है और न ही फिटनेस सर्टिफिकेट लगा है।
2. बसों के अंदर और गेट के पास किराया सूची भी नहीं लगी हुई है।
3. बस ड्राइवर व कंडक्टर यूनिफॉर्म भी नहीं पहनते।
4. बसों में आग से बचाव के लिए अग्निशमन यंत्र भी नहीं हैं।

### ये हैं जरूरी नियम...

1. बस में ड्राइवर सीट के पीछे अग्निशमन यंत्र जरूरी है।
2. बस के आगे कांच पर बस का बीमा व फिटनेस सर्टिफिकेट लगा होना चाहिए।
3. बस के ड्राइवर व कंडक्टर को ड्रेस पहनना जरूरी।
4. बसों में फर्स्टएड बॉक्स भी होना जरूरी।
5. बसों के रूट के अनुसार किराया सूची लगी होना चाहिए।

### बच्चों की जान भी जोखिम में...

नगर के स्कूलो में अधिकांश बच्चे पढ़ने के लिए आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। इसके लिए उन्हें बसों का सहारा लेना पड़ता है। बस चालक भी चंद पैसों के लिए स्कूली बच्चों की जान जोखिम में डाल देते हैं। ज्यादातर बच्चे खड़े-खड़े सफर करते हैं।

# मौत बनकर दौड़ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली!

## ट्रेक्टर पलटा, एक दर्जन महिलाएं घायल

### ट्रॉलियों में मानव परिवहन दे रहा हादसों को न्यौता

**मंदसौर, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस। जिलेभर में सुगम यातायात के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में हो रहे ओवरलोड परिवहन हो रहा है। इसके साथ ही तेज गति से दौड़ाए जा रहे पानी के टैंकर आमजन के लिए मुसीबत बने हुए है। खासतौर पर रेत, ईट, सरिये के साथ ही उपर तक ट्रॉली में उपज लेकर आ रहे नौसीखिया ट्रैक्टर चालकों के कारण लोग छुटपुट दुर्घटना के शिकार भी हो रहे हैं। इसके अलावा ट्रैक्टर ट्रॉलियों में मानव परिवहन हादसों का कारण बन रहा है। अभी तक कई हादसे ट्रैक्टर ट्रॉलिया पलटने से हो चुके हैं। सोमवार को फिर शामगढ़ क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई।**

शामगढ़- ढाबला गुर्जर रोड पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। जिसमें लगभग बारह महिलाएं सवार थी। महिलाए शामगढ़ से ढाबला गुर्जर रोड पर मजदूरी के लिए जा रही थी। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से उतरा और पलट गया। इसके बाद पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायल महिलाओं को शामगढ़ अस्पताल ले जाया गया। इसमें एक महिला पूजा पति अर्जुन को अधिक चोटें लगी है। जिसे बाद में उसे मंदसौर रेफर किया गया।

बता दें कि जिला मुख्यालय की भी यही हालत है। ट्रैक्टर ट्रॉलियों के अनियंत्रित गति से शहर के अभिनंदन नगर, श्रीकोल्ड तिराहा, लक्ष्मीबाई चौराहा, खानपुरा, बीपीएल चौराहा, महाराणा प्रताप बस स्टैंड, रामटेकरी, रेवास देवड़ा मार्ग सहित अन्य सड़कों पर रोजाना लोग छुट-पुट दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। शहर के सीतामऊफाटक, संजीत फाटक, गुराड़िया देदा सहित अन्य सड़कों पर ग्रामीण क्षेत्र से व रेत, मुर्रम व गिट्टी लाने वाले ट्रैक्टर चालक फर्राटे भरते हैं। लोगों को परेशान करने के साथ ही शहर के यातायात व्यवस्था को भी अस्त-व्यस्त कर रहे हैं। दुर्घटना के बाद पुलिस औपचारिक तौर पर इनके खिलाफ कार्रवाई तो करती है। लेकिन, समस्या का स्थायी समाधान नहीं कर पा रही है।



### शहर में इन स्थानों पर मुसीबत बन रहे ट्रैक्टर व टैंकर...

✻ सबसे अधिक यातायात का दबाव नयापुरा रोड, घंटाघर, सदर बाजार, धानमंडी में है। इन मार्गों पर ट्रैक्टर व टैंकर आने के बाद ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है।

✻ कृषि उपज मंडी व सीतामऊ फाटक पर लाभमुनि अस्पताल के बाहर सड़क पर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले ट्रैक्टर इधर-उधर खड़े कर देते हैं। इस वजह से आना-जाना प्रभावित होता है। अक्सर यहां जाम की स्थिति बन जाती है।

✻ कृषि उपज मंडी में उपज बेचने व शहर में खरीदारी के लिए आने वाले ग्रामीण भी ट्रैक्टर लेकर आ रहे हैं। यहां पर भी कई बार जाम लगता है। इसके बाद बाजार में जाने पर भी यही स्थिति बनती है।

### इसलिए हो रही है दुर्घटनाएं...

सड़क सुरक्षा समिति की लगभग सभी बैठकों में निर्णय लिया जाता है कि शहर में ट्रैक्टर व टैंकरों को दिन में प्रवेश नहीं दिया जाएं। ट्रॉलियों में मानव परिवहन रोका जाएं। नौसिखिएं चालकों और बिना लाईसेंस वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएं। लेकिन, निर्णय का पालन नहीं हो रहा है। इसलिए यह समस्या बनी हुई है और दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। शहर में प्रवेश करने के बाद भी ट्रैक्टर व टैंकरों पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

# पटवारियों ने अनुचित कार्यवाही के खिलाफ मोर्चा खोला

### नारेबाजी कर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**मंदसौर, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार को पटवारियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कई पटवारी मौजूद थे। पटवारियो ने अपने साथियो पर अनुचित कार्यवाही के विरोध में जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। ज्ञापन में मांगों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि राजस्व अभियान, स्वामित्व अभियान व पूर्व प्रचलित समस्त अनैतिक कार्यवाहियों जैसे निलंबन, वेतन वृद्धियां रोकने के आदेश, वेतन रोकने के आदेशों को तत्काल निरस्त किया जाए।

जिनके भी समयमान वेतनमान लगने शेष है, उनका शीघ्र निराकरण करवाया जाना सुनिश्चित हो। बिना संसाधनों के पटवारियों से रात्रिकालीन शिविर लगवाए जा रहे हैं, जिनमें अन्य किसी भी विभाग का किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं रहता है, वह तत्काल बंद किए जाए। जो भी कार्य है वह विभागीय समय में संपादित करवाए जाए एवं अवकाश के दिनों में सभी तरह के कैंप व मीटिंग इत्यादि पूर्ण रूप से बंद किए जाना सुनिश्चित हो। पटवारियों से अवैधानिक तरीके से सुबह, दोपहर व रात्रिकालीन तीन चरणों में निरंतर काम करवाया जा रहा है, जो पूर्णत: अनुचित है। इस सब से सभी के उपर अनावश्यक मानसिक तनाव घर कर रहा है, जिससे यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना किसी के साथ घटित होती है तो उसकी समस्त जवाबदेही प्रशासन की स्वयं की होगी।

रात्रिकालीन शिविर बिना संसाधनों के व अन्य विभागों के सहयोग के निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं जो पूर्णत: अनुचित होकर बंद किए जाए। जो भी कार्य हो वह शासन द्वारा निर्धारित कार्यालयीन समय में संपादित करवाए जाना सुनिश्चित हो। अवकाश के दिनों में इमरजेंसी छोड़ सभी तरह के कैंप व मीटिंग इत्यादि पूर्ण रूपेण बंद किया जाना सुनिश्चित हो। इसके अलावा अन्य मांग भी ज्ञापन के माध्यम से रखी गई।

## दो पक्षों में मारपीट, 5 पर मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के पांच आरोपियों केस दर्ज किया। मल्हारगढ़ बिजली आफिस के सामने निवासरत अकील पिता शरीफ मेव ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मल्हारगढ़ निवासी शाखा उर्फ शरीफ ने मुझे शराब पिलाई और बाद में बोला कि मेरे रिश्तेदार के खिलाफ रिपोर्ट क्यों कराई। इसके बाद मेरे साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आए मेरे भाई शाहरुख को चाकू की मारी, जिससे चोंट आई। इसी तरह शरीफ मेवाती ने शिकायत दर्ज कराई कि अकील पिता शरीफ उसका भाई शाहरुख, मोईन व रुबीना चारों मेरे घर में घुस गए और मारपीट की। बीच-बचाव करने आई मेरी पत्नी के साथ भी मारपीट की। जिससे चोंट आई। दोनों मामलों में पुलिस ने 5 आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## निर्माण कार्यों में लाखों के खेल का आरोप...

# दलौदा सरपंच को पद से हटाया

## कागजों में अनियमितता मिली, पुलिस कार्यवाही भी होगी

**मंदसौर, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत दलौदा चौपाटी सरपंच दुर्गा कैथवास के खिलाफ शिकायत के बाद जांच की गई। जिसमें कई अनियमितताएं सामने आई। इसमें कागजी कार्रवाई जहां अधूरी रही तो वहीं सड़क निर्माण में भी खेल सामने आया है। जिसके बाद सरपंच को पद से हटा दिया गया है। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ ने आदेश जारी किया है। पुलिस प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश भी जिपं सीईओ ने दिए है।

ग्राम पंचायत दलौदा चौपाटी की आर्थिक अनियमिताओं एवं भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत शासन को की गई थी। इसके बाद जांच के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए गए। मामले में जांच के बाद सामने आया कि ग्राम पंचायत दलौदा चौपाटी की रोकड़ बही एवं आडिट रिर्पोट के आधार पर ग्राम पंचायत को वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रारंम्भिक शेष राशि रूपये 14 लाख 78 हजार 801 रुपए बैंक में एवं राशि रूपये 450 रुपए नगदी उपलब्ध होना पायी गई। इसी प्रकार उक्त वित्तीय वर्ष में अंतिम शेष राशि रुपये 18 लाख 97 हजार 167 रुपए बैंक में एवं राशि 896 रुपए नगदी उपलब्ध होना पाई गई। ग्राम पंचायत द्वारा उक्त वित्तीय वर्ष सरपंच श्रीमती दुर्गा केथवास के कार्यकाल प्रारंभ से कुल राशि 34 हजार 923 रुपए का नगद भुगतान किया गया। ग्राम पंचायत की रोकड बही एवं ऑडिट रिर्पोट के आधार पर ग्राम पंचायत को वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रारंभिक शेष राशि 18 लाख 97 हजार168 रुपए बैंक में एवं राशि 1 लाख 78 हजार 71 रुपए नगदी उपलब्ध थी। ग्राम पंचायत द्वारा उक्त वित्तीय वर्ष में कुल राशि 96 हजार 432 रुपए का नगद भुगतान किया गया।

संपरीक्षा द्वारा प्रस्तुत ऑडिट कंडिकाओं के अनुसार ग्राम पंचायत के ऑडिट के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत की कार्यवाहियों का रजिस्टर, अनुदान पंजी, निर्माण कार्य पंजी, रसीद संग्रह पंजी, भण्डार पंजी, निर्माण कार्यों की माप पुस्तिका एवं नस्तीया, मांग वसूली पंजी, अग्रिमों का रजिस्टर, स्थावर संपत्ति का रजिस्टर, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी से संबंधी अभिलेख, बजट रजिस्टर उपलब्ध नही करवाए गए। वित्तीय वर्ष 2022-23 के ऑडिट हेतु 20 मार्च 2024 के पश्चात का बैंक स्टेटमेंट भी उपलब्ध नही करवाया गया। जांच के दौरान उक्त सभी दस्तावेज अनुपलब्ध पाये गये । ग्राम पंचायत में कार्यरत कर्मचारियों को मानदेय भुगतान नियमित किया जा रहा, किन्तु स्थापना व्यय की पंजी का संधारण नही किया गया है, जिससे कर्मचारियों को प्रदाय मानदेय की दर का सत्यापन नही हो पाया ।

इसी प्रकार कई सड़क निर्माण में भी अनियमितता मिली है। कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति नही ली गई। वही पोर्टल से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्य पर मूल्यांकन किए बगैर राशि का व्यय किया जो तकनीकी स्वीकृति से अधिक होना पाया गया। जो कि वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। इसी प्रकार नाला निर्माण में भी अनियमितता सामने आई। निर्माण कार्य का व्यय पोर्टल पर दर्शित समस्त कार्यों की तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति तथा मूल्यांकन रिपोर्ट उपलब्ध नही करवाई गई।

### पुलिस कार्यवाही के निर्देश...

जारी आदेश में सीईओ जनपद पंचायत मंदसौर को निर्देशित किया गया कि सरपंच दुर्गा कैथवास के विरुद्ध धन राशि का अनियमित व्यय करना, वित्तीय अनियमितता की जाने पर शासकीय धन राशि का दुरूपयोग किए जाने पर संबंधित पुलिस थाने में एफआईआर कराई जाए। इसकी प्रति कार्यालय पर उपलब्ध कराई जाए।

# कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने केंद्रीय कार्य समिति में अपनी खामिया स्वीकारी...!

**मंदसौर/उज्जैन, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस केंद्रीय कार्य समिति की बैठक में वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वह सब कमियां स्वीकारी जिन्हें लगातार पत्रकार, समीक्षक, यूट्यूबर चिन्हित कर उजागर करते आए हैं। डेढ़सौ साल पुरानी राजनीतिक पार्टी होने के बाद भी कई राज्यों के संगठन इतने निष्क्रिय हैं कि चुनाव के समय भी पदाधिकारी नजर नहीं आते हैं। कई प्रदेशों के अनेकों जिलों में अध्यक्ष तो कहीं जिला कार्यकारिणी तक नहीं बन पाई है। इसे कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की हिम्मत और पार्टी की दुर्गति पर दिल से प्रकट किया गया यथार्थ शाश्वत सच कहा जा रहा है और है भी।

क्या यह वस्तु स्थिति कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष रही सोनिया गांधी, राहुल गांधी को कभी नजर नहीं आई थी। इतनी सारी कमियां इन्हीं के कार्यकाल में कांग्रेस संगठन में पदनाम वाले पदाधिकारी के साथ स्थाई हो गई है। इसलिए कार्य समिति की इस बैठक के बाद कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक दलों के नेताओं में खड़गे का पार्टी सुधारवादी संबोधन गंभीर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस चर्चा में यह भी मान रहे होंगे कि कम से कम संगठन की कमजोरी को चिन्हित तो किया गया, भले ही पूर्व अध्यक्षों ने नजरअंदाज किया और करने वालों को संरक्षण भी दिया होगा ! हरियाणा प्रदेश में एक दशक से अध्यक्ष के नाम पर आम सहमति न बनने से पद खाली था। अब उदयभान प्रदेश अध्यक्ष जरूर बने हैं पर कार्यकारिणी अभी तक नहीं बन पाई है।



चन्द्रमोहन भगत

इसी हालत में दो विधानसभा चुनाव लड़े गए हैं और जिला कार्यकारिणी एक भी इकाई नहीं बना पाई है, नतीजा सभी पाठक जानते हैं। खड़गे ने यह भी चाहा है कि हमें चुनाव से पहले विरोधी दलों की राजनीतिक तैयारी का पता होना चाहिए, अभी तक उल्टा होता आया है कांग्रेस की तैयारी होने से पहले भाजपा को पता होता है किस क्षेत्र में कौन कांग्रेस प्रत्याशी बनेगा। बल्कि भाजपा के स्लीपर सेल जो कांग्रेस में अहम पदों पर बैठे हैं, कमजोर प्रत्याशियों को जीतने वाला बताकर टिकट दिलाकर लगातार कांग्रेस को हरवातें आ रहे हैं।

यह भी की बीते अनेक चुनाव में प्रत्याशी चयन और सर्वे का काम जिन एजेंसी को दिया जाता रहा है, वह कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारी के करीबियों की थी। जिन्हें जीतने वाला प्रत्याशी बताते थे, उनकी जमानत ही बड़ी मुश्किल से बच पाती थी, कुछ की तो जप्त भी होती रही है। मंदसौर में उदाहरण है मल्हारगढ़ प्रत्याशी परशुराम सिसोदिया 79339 मतों से हार कर बम मुश्किल जमानत बचा पाए थे। इसके उलट मंदसौर नीमच संसदीय सीट से एकमात्र समर्पित और लोकप्रिय प्रत्याशी विपिन जैन भी मात्र 2047 मतों से जीते थे। कांग्रेस संगठन का बेहतर चयन था अत: विपिन जैन को जनमत ने जिताया भी।

खड़गे ने यह भी चेताया कि अपनी खामियां दूर कर संगठन को बेहतर बनाने के लिए कठोर निर्णय लेने पड़ेंगे। पार्टी लाइन का विरोध करने वालों पर सख्त कार्रवाई कर संगठन की छवि को सुधारा जाएगा। संगठन महामंत्री से लेकर प्रभारी महामंत्रियों की जिम्मेदारियां तय की जाएगी सिर्फ इसलिए नहीं रखा जाएगा कि प्रभार वाले राज्यों में फाइव स्टार होटल में रुके और कांग्रेस प्रत्याशी चयन मेंअपने हित लाभ देखें और प्रत्याशी चयन में भेदभाव कर कांग्रेस को हार दिलवाएं। इतने सारे बिन्दुओं को चिन्हित कर खड़गे ने पूरी कांग्रेस को चौंका दिया है, हालांकि, सभी कांग्रेसी पहले से जानते हैं। खड़गे से पहले कौन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं, जिनके कार्यकाल में उक्त खामियां स्थाई बन गई है, सभी जानते हैं। इसलिए राजनीतिक जगत में व्यापक चर्चा है कि मल्लिकार्जुन खड़गे राष्ट्रीय अध्यक्ष की हैसियत से खामियां उजागर, चिन्हित तो कर गए। पर क्या इन्हें सुधार पाएंगे, जिन्हें सोनिया और राहुल गांधी भी खुद सुधर नहीं पाए। खड़गे की दहाड़ को सप्ताह भर भी नहीं बीता कि नागपुर मध्य के उम्मीदवार बंटी सीरके ने दो दिन पहले मुंबई में हुई हार की समीक्षा बैठक में अपनी हार के लिए प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को उनकी उपस्थिति में जिम्मेदार ठहरा दिया। बंटी का आरोप सही है या गलत कांग्रेस हित में जांचने की बजाय उसे ही नोटिस थमा दिया गया कि सच क्यों सार्वजनिक किया ! इससे साफ लगता है की बंटी सिरके को निलंबित किया जा सकता है। ऐसा हुआ तो भविष्य में कोई भी पदाधिकारी कांग्रेस की हार के कारण कभी बता नहीं पाएगा और कांग्रेस फर्श पर ही पड़ी रहेगी, सिर्फ कुछ चाटुकारों और एक परिवार और भाजपा के स्लीपर सेल की बनकर।

# पोस्ट ऑफिस के एजेंट से 10 लाख की लूट

**गरोठ, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** इन दोनों नगर में बदमाशों के हौसले बुलंद है। हालत यह हो गई हैं कि पुलिस का चोरों को किसी भी प्रकार का भय नहीं रहा है। रात तो ठीक पर अब दिन में भी बदमाश लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं।



इसी प्रकार की वारदात सोमवार को शहर के मध्य स्थित पोस्ट ऑफिस पर हुई। जहां रुपए जमा करने आए पोस्ट ऑफिस के एक एजेंट का 10 लाख रुपए से भरा बैग किसी ने गायब कर लिया। नगर में दिन दहाडे इतनी बड़ी रकम चोरी होने की घटना से हड़कंप मच गया।

जानकारी के मुताबिक गरोठ निवासी पंकज वेद पोस्ट ऑफिस के एजेंट के रूप में डेली कलेक्शन का काम करता है। जो सोमवार को अपने घर से पोस्ट ऑफिस में रुपए जमा करने के लिए आया था। पंकज वेद के मुताबिक वह पोस्ट ऑफिस के काउंटर पर रुपए जमा कर रहा था, इसी दौरान किसी ने रुपए से भरा वह बैग गायब कर लिया। पंकज के अनुसार गायब हुए बैग में रखी रकम उसे अन्य लोगों को बाजार में देना थी। सूचना मिलने पर एसडीपीओ राजाराम धाकड़ सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने पोस्ट ऑफिस पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। इसके साथ ही नगर के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। किन्तु पुलिस को देर शाम तक किसी प्रकार का सुराग हाथ नहीं लगा है।

एसडीओपी राजाराम धाकड़ ने बताया कि पंकज से पुलिस द्वारा पूछताछ की गई है। लेकिन, इतनी अधिक रकम गायब हो जाने से वह सही तरीके से वस्तु स्थिति नहीं बता पा रहा है। बहरहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जाकर कार्यवाही की जा रही है।

### बदमाशों का पसंदीदा क्षेत्र बना गरोठ...

उल्लेखनीय है कि गरोठ क्षेत्र में इन दिनों अज्ञात चोरों के हौसले बुलंदी पर हैं। पुलिस के सुस्त रवैए के चलते आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही है। बीती रात ही नगर में कॉलेज रोड पर एक मकान को चोरों ने निशाना बनाया तथा मकान के समीप स्थित एक कंप्यूटर की दुकान पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। वहीं क्षेत्र के ग्राम खड़ावदा के ग्रामीणों ने विगत दिनों चोरी की घटनाओं से परेशान होकर पुलिस थाने का घेराव भी किया था। लेकिन, उसके बाद भी चोरी की वरदातो का सिलसिला लगातार जारी है।

### जर्जर भवन में लग रहे पोस्ट ऑफिस में सीसीटीवी कैमरे भी नहीं...

जानकारी के मुताबिक नगर के एक मात्र पोस्ट ऑफिस का संचालन एक जर्जर भवन में हो रहा है। जहां पर सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे हैं। जिसके चलते आपराधिक तत्व बेख़ौफ़ होकर घटना को घटित कर देते हैं।

# मप्र में अब बिल्डर खुद कर सकेंगे अपने प्रोजेक्ट में प्रापर्टी की रजिस्ट्री, मिलेंगे सब रजिस्ट्रार के अधिकार

**भोपाल, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** राज्य सरकार अब रीयल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी (रेरा) में पंजीकृत बिल्डरों (निजी निर्माणकर्ता) को भी सब रजिस्ट्रार का अधिकार देने जा रही है। इससे वह अपने प्रोजेक्ट में संपत्ति की रजिस्ट्री खुद कर सकेंगे।

राज्य सरकार शुरुआत में मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड और भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) के एक-एक अधिकारी को सब रजिस्ट्रार के अधिकार देगी। इसका प्रस्ताव तैयार है। मुख्यमंत्री की हरी झंडी मिलते ही यह नई व्यवस्था प्रदेशभर में लागू हो जाएगी। इसके तहत हाउसिंग बोर्ड या विकास प्राधिकरण के किसी अधिकारी को सब रजिस्ट्रार का प्रभार दिया जाएगा। यह अधिकारी प्रदेश में हाउसिंग बोर्ड या विकास प्राधिकरण के प्रोजेक्ट में संपत्ति की रजिस्ट्री कर सकेगा। इस नई व्यवस्था से बड़ा फायदा यही होगा कि संपत्ति खरीदने वाले व्यक्ति को रजिस्ट्रार दफ्तर नहीं जाना होगा। वह हाउसिंग बोर्ड कार्यालय में बनाए गए सब रजिस्ट्रार के माध्यम से भी रजिस्ट्री करवा सकेगा।

**बिल्डर रजिस्ट्री की प्रक्रिया की करेगा वीडियोग्राफी–** प्रस्ताव के अनुसार हाउसिंग बोर्ड, बीडीए सहित रेरा में पंजीकृत बिल्डर को सब रजिस्ट्रार का अधिकार देने से वे अपने प्रोजेक्ट में संपत्ति की एक साथ रजिस्ट्री करवा सकेंगे। इससे लाभ यह होगा कि प्रापर्टी खरीदने वालों को रजिस्ट्रार कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा और वे दलालों के चंगुल से भी बच सकेंगे। इस नई व्यवस्था को 'नान इंट्रेस्ट मोड' नाम दिया गया है। बिल्डर रजिस्ट्री की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करेगा, इसे आधार से लिंक कर साफ्टवेयर में दस्तावेज का पंजीयन कर आनलाइन सबमिट किया जाएगा। सब रजिस्ट्रार इसका परीक्षण करके इसे स्वीकृति प्रदान करेगा।

**अभी यह है व्यवस्था–** अभी स्टांप वेंडर की मदद से क्रेता और विक्रेता अपने दो गवाह के साथ रजिस्ट्रार कार्यालय में उपस्थित होता है। संपत्ति के दस्तावेजों का आनलाइन वेरिफिकेशन किया जाता है। इसके बाद रजिस्ट्री कर दी जाती है। इसके पहले रजिस्ट्री कार्यालय से स्लाट बुक होता है। स्लाट का नंबर आने पर ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया की जाती है।

**संपदा 2.0 के तहत भी रजिस्ट्री कराने की घर बैठे मिल रही सुविधा–** अक्टूबर, 2024 से प्रदेश में लागू किए गए रजिस्ट्री के नए साफ्टवेयर संपदा-2.0 के तहत अब लोग घर बैठे संपत्ति की रजिस्ट्री करवा रहे हैं यानी खरीद या बेच रहे हैं। इस प्रणाली से प्रदेश ही नहीं, बल्कि प्रदेश और देश के बाहर से भी ऑनलाइन रजिस्ट्रियां कराई जा सकती हैं। हालांकि इस व्यवस्था के शुरू होने के बाद भी गवाहों को कार्यालय तक आना पड़ रहा है। इसकी मुख्य वजह सेवा प्रदाताओं के पास थंब इंप्रेशन और वेब कैमरा नहीं होना हैं इसलिए रजिस्ट्री के पुराने साफ्टवेयर संपदा-1 पर भी काम जारी है।

# 45 लाख टन धान की होगी खरीद, ऑनलाइन होगी निगरानी

**भोपाल, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य (2,300 रुपये प्रति क्विंटल) पर धान का उपार्जन 1,412 केंद्रों पर होगा। 45 लाख टन खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। गुणवत्तायुक्त उपार्जन के लिए ऑनलाइन निगरानी की जाएगी।

किसान जो उपज लेकर आएगा, उसकी गुणवत्ता का आकलन नमी, कचरा और टूटन के आधार पर किया जाएगा। इसके बाद ही उपज को स्वीकार या अस्वीकार कर पर्ची जारी की जाएगी। यदि उपज गुणवत्तायुक्त नहीं होगी तो उसे लौटाकर ठीक करके लाने के लिए कहा जाएगा।

**ऑनलाइन निगरानी की व्यवस्था बनाई गई–** खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सामान्य किस्म की धान 2,300 और ग्रेड ए धान का समर्थन मूल्य 2,320 रुपये प्रति क्विंटल पर खरीदी जाएगी। गुणवत्तायुक्त उपज का ही उपार्जन हो, इसके लिए ऑनलाइन निगरानी की व्यवस्था बनाई गई है।

**उपज में कचरा मिला तो उसे लौटा देंगे–** राज्य और जिला स्तर पर उपार्जन पोर्टल पर दर्ज होने वाली उपज संबंधी जानकारी के आधार पर आकलन किया जाएगा। यदि उपज में कचरा, टूटन या नमी अधिक होती है तो उसे लौटा दिया जाएगा। जब किसान उपज ठीक कराकर निर्धारित मापदंड के अनुसार लाएगा, तब ही उसे स्वीकार किया जाएगा।

दरअसल, धान किसान से लेने के बाद उसे चावल बनाने के लिए मिलर्स को दी जाती है। उस समय कई बार नमी, कचरा और टूटन अधिक होने की शिकायत सामने आती है। ऐसी उपज मिलर्स नहीं लेते हैं। क्योंकि, प्रति क्विंटल धान से 67 किलोग्राम चावल लिया जाता है। जब यह मात्रा नहीं मिलती है तो मिलर्स को नुकसान होता है। यही कारण है कि इस बार गुणवत्तायुक्त उपज की खरीदी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी उपार्जन केंद्रों पर नमी की जांच करने के लिए नमी मापक यंत्र (मायश्चर मीटर) रखे जाएंगे।

**मिलिंग भी समय पर होगी–** नमी जांचने के बाद धान लेकर सीधे उपार्जन केंद्र से ही मिलिंग के लिए मिलर्स को दी जाएगी। इससे परिवहन और भंडारण व्यय में कमी आने के साथ मिलिंग भी समय पर होगी। भारतीय खाद्य निगम ने मिलिंग के लिए अंतिम सीमा जून रखी है।

**मंत्री, प्रमुख सचिव और आयुक्त करेंगे औचक निरीक्षण–** उपार्जन के दौरान या उसके बाद होने उपार्जन में होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी और आयुक्त सिबी चक्रवर्ती औचक निरीक्षण करेंगे। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उड़नदस्ते भी जिला स्तर पर गठित होंगे, जो उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करेंगे।

## विद्यार्थियों के लिए राज्य स्तरीय स्नेह समावेशी भारत क्विज...

# 396 विजेताओं को मिलेंगे 2,43,500 रुपए के पुरस्कार

**मंदसौर, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** विश्व दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के बीच दिव्यांगजनों के प्रति जागरूकता और समावेशन बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय स्नेह समावेशी भारत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। लायंस की स्थायी परियोजना संस्था स्नेह के संस्थापक डॉ. पंकज मारू ने बताया कि प्रतियोगिता 25 नवंबर से शुरू होकर 2 दिसंबर तक ऑनलाइन चलेगी। मध्यप्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र इसमें नि:शुल्क पंजीयन करवा कर शामिल हो सकते हैं। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

**पुरस्कार संरचना–** प्रतियोगिता में संभाग और राज्य स्तर पर विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। संभाग स्तर पर प्रथम पुरस्कार 1,000, द्वितीय पुरस्कार (दो विजेता) 500, तृतीय पुरस्कार (तीन विजेता) 300 रूपये है। राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 10 हजार, द्वितीय पुरस्कार (दो विजेता) 5 हजार और तृतीय पुरस्कार (तीन विजेता) को 3 हजार रूपये है। राज्यभर के कुल 396 विजेताओं को 2 लाख 43 हजार 500 रूपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

**प्रतियोगिता के नियम और सुविधाएं–** प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 300 सेकंड में 15 बहुविकल्पीय प्रश्नों का उत्तर देना होगा। उन्हें फिफ्टी-फिफ्टी और प्रश्न परिवर्तन जैसी लाइफलाइन भी दी जाएगी। कम समय में उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को बोनस अंक दिए जाएंगे। प्रतिभागी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए http://snehnagda.org/quiz पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं।

**सामाजिक न्याय विभाग का सहयोग–** आयुक्त सामाजिक न्याय डॉ. आर.आर. भोंसले ने बताया कि यह पहल दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने और छात्रों में समावेशी सोच को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दो पक्षों में मारपीट, क्रास मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने क्रास केस दर्ज किया। बिशनिया निवासी प्रेमसिंह पिता कैलाश डांगी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैंने पसरराम डांगी से कुए की नली लाने के बारे में पूछा तो उसने गाली-गलौज की व पत्थर की सिर पर मार दी, जिससे चोंट आई। इसी तरह पसरराम पिता अमरा डांगी ने शिकायत दर्ज कराई कि घर जाने के दौरान प्रेमसिंह डांगी मिला तो अकारण गाली-गलौज करने लगा व लात-घुसों से मारपीट की। जिससे चोंटे आई। प्रेमसिंह ने उंगली को भी दांतों से काटा। पुलिस ने दोनों पर क्रास प्रकरण दर्ज किया।

# दिव्यांगों के प्रति संवेदनाओं की आवश्यकता–पाण्डेय

## आज मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस



**मंदसौर, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** आज 3 दिसंबर 2024 को विश्व स्वास्थ्य संगठन विश्व भर के भागीदारों के साथ मिलकर विकलांग लोगों के कल्याण के लिए यह दिन दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष, थीम है समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए विकलांग व्यक्तियों के नेतृत्व को बढ़ावा देना ।

सक्षम मालवा प्रांत सचिव रविन्द्र पाण्डेय ने बताया कि डब्ल्यूएचओ संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर हर साल इस दिन को मनाता है, इनके अधिकारों को सुरक्षित करने के साथ समाज में पूरी तरह से, समान रूप से और प्रभावी रूप से भाग ले सकें, और अपने जीवन के सभी पहलुओ अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं में दिव्यांग व्यक्तियों की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए है। समाज के हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि हम दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनताएं रखे तथा हर संभव मदद के लिये अपने हाथ आगे बढ़ाये। यह दिवस दिव्यांग लोगों के अधिकारों को सुरक्षित करने के महत्व को मजबूत करता है, ताकि वे दूसरों के साथ समाज में पूरी तरह से, समान रूप से और प्रभावी रूप से भाग ले सकें, और अपने जीवन के सभी पहलुओं में किसी भी बाधा का सामना न करें। भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगों के हितार्थ कई श्रेष्ठ योजनाएं चला रखी है। शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन श्रेष्ठ ढंग से होना चाहिए सक्षम समदृष्टि समता विकास एवं अनुसंधान मंडल भारत के सभी प्रांतों में दिव्यांगों के लिए कई लोक कल्याणकारी कार्य कर रहा है।

# उद्यानिकी एवं उद्योग विभाग औद्योगिक निकायों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेवे–कलेक्टर

## फसल बीमा कंपनी किसानों के लंबित बीमा का भुगतान जल्द करें, साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न



**मंदसौर, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन एवं जिला अधिकारी मौजूद थे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग एवं उद्योग विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में जितने भी औद्योगिक निकाय चल रहे हैं। उनकी समस्या पूछे। उनसे समस्याओं के बारे में जानें। विभाग से क्या-क्या मदद हो सकती हैं, उनके क्या-क्या सुझाव है। इस संबंध विस्तार से जानकारी लेवें। इसके साथ ही उद्यानिकी विभाग दिसंबर माह में उद्यानिकी बैठक आयोजित करें। फसल बीमा कंपनी फसल बीमा से संबंधित जितने भी किसानों के लंबित भुगतान है। उनका जल्द से जल्द भुगतान करें। एमपीईबी विभाग प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक आदर्श गांव बनाएं। इस पर कार्य योजना तैयार करें। जिला विपणन अधिकारी खाद की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए डिमांड भेजें तथा भोपाल लगातार संपर्क करें। प्रत्येक केंद्र पर बराबर मात्रा में खाद उपलब्ध होना चाहिए। सहकारी बैंक सीईओ प्रतिदिन सोसाइटी में खाद उपलब्धता की जानकारी भेजें। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि एंबुलेंस की व्यवस्था अच्छे सुनिश्चित करें। एंबुलेंस को लेकर कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। शिवना शुद्धिकरण के संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग एवं पीआईयू विभाग निर्माण सामग्री बिलों का क्रॉस वेरिफिकेशन करें।

# इंदौर सराफा बाजार में चांदी 700 और सोना 450 रुपये हुआ सस्ता

**इंदौर, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** ब्रिक्स देशों की नई मुद्रा लाने की घोषणा पर हमलावर होते हुए अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कह दिया है कि ऐसा होने पर इन देशों पर टैरिफ लगा दिया जाएगा। घोषणा होने के असर से ही डालर में मजबूती देखी गई।

दूसरी ओर इसरायल-हिजबुल्लाह के बीच युद्ध विराम जारी है। एक और खबर आई है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के एक हजार दिन पूरे होने के मौके पर यूक्रेन के राष्ट्रपति ने युद्ध विराम के पक्ष में बयान दिया है। हालांकि उन्होंने नाटो देशों से सुरक्षा की गारंटी भी मांगी है। इन सब खबरों से बुलियन मार्केट पर दबाव देखा गया। सोने की सुरक्षित निवेश मांग में कमी आई और सोने-चांदी में गिरावट रही। कामेक्स पर सोना वायदा घटकर 2633 डालर प्रति औंस और चांदी वायदा 30.23 डालर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई। इसका असर भारतीय सराफा बाजार पर भी देखा गया। इंदौर में सोना केडबरी 450 रुपये घटकर 78100 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी चौरसा 700 रुपये टूटकर 90300 रुपये प्रति किलो रह गई। व्यापारियों को डर है कि ट्रम्प के शासन में अमेरिका और भी अधिक संरक्षणवादी नीतियों को अपना सकता है। इधर, शादियों का सीजन अब आखिरी दौर में होने के कारण हाजिर बाजारों में ग्राहकी सीमित है। सोना केडबरी रवा नकद में 78100 सोना (आरटीजीएस) 78000 सोना (91.60 कैरेट) (आरटीजीएस) 71200 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। शनिवार को सोना 78550 रुपये पर बंद हुआ था। चांदी चौरसा नकद 90300 चांदी चौरसा (आरटीजीएस) 90200 चांदी टंच 90400 रुपये प्रति किलो और चांदी सिक्का 1040 रुपये प्रति नग बिका। शनिवार को चांदी चौरसा नकद 91000 रुपये पर बंद हुई थी।



## विहिप बजरंग दल भालोट प्रखंड द्वारा गुर्जरबर्डिया में रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल भालोट प्रखंड के गुर्जरबर्डिया में रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें नशा मुक्ति, यातायात नियम, पर्यावरण जागरूकता, अभियान तहत संदेश जन-जन तक पहुंचा जा रहा है अफजलपुर थाने से एसआई राजाराम वर्मा द्वारा प्रेमदास अटोलिया, सैनिक भैरू गिरी गोस्वामी, 100 डायल में पदस्थ हेड कांस्टेबल किशोर कुमार उपस्थित रहे। हेल्थ व ट्रैफिक नियमों की जानकारी एसआई राजाराम वर्मा द्वारा दी गई। कार्यक्रम में सनातनी हिंदूवादी जिला सत्संग प्रमुख कन्हैयालाल धनगर के साथ प्रखंड सह गो रक्षा प्रमुख हरीश धनगर, सुरेश शर्मा, खंड मंत्री दिनेश गुर्जर, ग्राम अध्यक्ष शुभम माली, खंड बाल उपासना प्रमुख अंकित माली, खंड सहसंयोजक देवेंद्र गुर्जर, पवन गुर्जर, पिंटू गुर्जर, निलेश गुर्जर, यश गुर्जर, भेरुलाल माली, विष्णु नायक, पंकज माली, जितेंद्र दास बैरागी, लकी माली, विकास माली, महेंद्रसिंह गुर्जर, अक्षय गुर्जर, राजपाल गुर्जर, हर्ष माली, रोहित माली, जितेंद्र गुर्जर, हरिओम गुर्जर, मोहित गुर्जर, विजय पालीवाल, अखिलेश शुक्ला ग्राम पंचायत सरपंच शांतिलाल गुर्जर उपस्थित रहे। आभार ग्राम समिति गुर्जरबर्डिया ने माना।

## सर्व हिन्दू समाज की रैली के समर्थन में कल मण्डी में दोपहर 1 से 3 नीलामी बंद रहेगी

**मंदसौर, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर मण्डी व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र नाहर एवं महामंत्री नरेन्द्र जैन ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सर्व हिंदू समाज आगामी 4 दिसंबर 2024 बुधवार को दोप. 1 बजे रैली निकालकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। इस रैली में अधिक से अधिक मण्डी व्यापारी एवं किसान सहभागिता करे इसलिये दशपुर मंडी व्यापारी संघ ने निर्णय लिया है कि 4 दिसम्बर को दोप. 1 से 3 बजे तक कृषि उपज मण्डी मंदसौर में व्यापारी नीलामी बंद रखेंगे। दशपुर मण्डी व्यापारी संघ ने सभी मण्डी व्यापारियों बंधुओं एवं कृषक बंधुओं को सूचित करते हुए 4 दिसम्बर को रैली व ज्ञापन के कार्यक्रम में आने का आव्हान किया है।

## तलवार से चोंट पहुंचाई, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** तलवार से चोंट पहुंचाने के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। गरनई निवासी देवीलाल पिता रतनलाल गुर्जर ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि दूध डेयरी से दूध देकर घर जा रहा था, इसी दौरान सरमथ डांगी तलवार लेकर पीछे भागा। मेरे बेटे पुष्कर ने मुझे धक्का देकर बचाया, नीचे गिरने के दौरान तलवार से मेरे कान पर चोंट लगी। पुलिस ने समरथ पर केस दर्ज किया।

# प्रदेश में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण कल

## कक्षा-3, 6 और 9 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का होगा मूल्यांकन

**मंदसौर, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस। प्रदेश में 4 दिसम्बर को चयनित सेम्पल शालाओं में कक्षा-3, 6 और 9 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण किया जायेगा। सर्वेक्षण की रिपोर्ट का केन्द्र सरकार द्वारा नीति निर्धारण में उपयोग किया जायेगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए राज्य शिक्षा केन्द्र ने सर्वेक्षण कार्य में पारदर्शिता रखे जाने के निर्देश मैदानी अमले को दिये हैं। राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 के संचालन की जिम्मेदारी एनसीईआरटी के पास है, जबकि सीबीएसई को सर्वेक्षण के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी दी गयी है।**

प्रदेश में सर्वेक्षण के सुचारु और निष्पक्ष संचालन के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने स्पेशल ऑब्जर्वर नियुक्त किये हैं। यह ऑब्जर्वर जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक से तालमेल रखकर सर्वेक्षण की व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे। स्पेशल ऑब्जर्वर की जिलेवार नियुक्ति की गयी है। इसके साथ ही जिले में डिस्ट्रिक्ट लेवल को-ऑर्डिनेटर भी बनाये गये हैं। मैदानी अमले को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं कि जिन सेम्पल शालाओं में सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा, उन शालाओं में दर्ज विद्यार्थियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत हो।

**मॉडल डाइट के रूप में चयन–** केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश में संचालित डाइट्स का सर्वे किया गया है। सर्वे के बाद इन डाइट्स की अधोसंरचना एवं व्यावसायिक विकास के लिये विस्तृत योजना तैयार की गयी है। इस कार्य-योजना के आधार पर वर्तमान में प्रदेश के संचालित सभी डाइट्स को मॉडल डाइट के रूप में विकसित करने के लिये चयनित किया गया है। वर्ष 2023-24 में भोपाल, सीहोर, मंदसौर, सागर, ग्वालियर, खण्डवा, रीवा और जबलपुर डाइट को मॉडल डाइट के रूप में विकसित करने के लिये विकास योजना तैयार कर ली गयी है। प्रदेश में वर्तमान में संचालित 50 डाइट्स के माध्यम से शासकीय शालाओं में कार्यरत शिक्षकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है।

## लोन क्लोज कराने के लिए कॉल किया और खाते ने निकाल लिए साढ़े 3 लाख, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** बैंक खाते से साढे 3 लाख रुपए निकालकर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया। नाहरगढ़ निवासी दीपक पिता जयन्तीलाल जैन ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैने अपना खाता इंडसइंड बैंक शाखा मंदसौर मे खाता खुलवा रखा है, रुपयों की आवश्यकता होने से मैंने वेरीटास कम्पनी शाखा मंदसौर से पाँच लाख रुपये का लोन लिया था। यह राशि मेरे खाते में जमा थी। इसी दौरान मेरी इंडसइंड बैंक के कर्मचारी दिलीप पटेल से बात हुई, मैने उससे कहा था की मेरा पुर्व से लोन चल रहा है। उसे जमा करना है तो दिलीप सर ने मुझे बोला था कि मै बाद में बताता हूँ। मेरे मोबाइल पर 9905985657 नम्बर से कॉल आया उसने अपना नाम विष्णु पांडे बताते हुए कहा कि आप इंडसइंड बैंक का लोन क्लोज करवाना चाहते हो, तो मैने बोला हाँ कराना चाहता हूँ। तो उस व्यक्ति ने कहा की आप अपने एटीएम की आगे पीछे की फोटो पहुंचा दो मै चेक लेकर आउंगा और आपका लोन जमा करवा ढुंगा तो मैने अपने एटीएम का फोटो उसके मोबाईल नम्बर पर अपने मोबाईल नम्बर से व्हाटसअप भेज दिया था। करीबन 10 मीनट बाद मेरे खाते से दो लाख रुपये ओर दो मिनट बाद करीब 01 लाख 49 हजार 823 रुपये निकल गये। कथित विष्णु पांडे ने मेरे साथ धोखाधड़ी की। पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया।

# सभी चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ मुख्यालय पर ही निवास करें–चंद्रा

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**नीमच, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी सेक्टर मेडिकल आफीसर एवं शासकीय चिकित्सक तथा पैरामेडिकल स्टाफ अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही निवास करें। सभी स्वास्थ्य संस्थाएं नियमित रूप से खुली रहे और आमजनों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध् हो। इस कार्य में कोई लापरवाही ना करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा करते हुए दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों टीकाकरण, क्षय नियंत्रण, अधंत्व निवारण, परिवार कल्याण, कुष्ठा नियंत्रण, मलेरिया नियंत्रण, गैर संचारी रोग नियंत्रण एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों में शतप्रतिशत उपलब्धी हांसिल करें। कलेक्ट र ने भारत सरकार द्वारा संचालित सांस अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया, कि मैदानी अमला निरंतर फिल्ड् में भ्रमण करें तथा 5 वर्ष तक के बच्चों में संभावित निमोनिया के लक्षण चिन्हित कर, उच्चक संस्था को रेफर करें। उन्होतने निर्देशित किया, कि प्रत्येषक गर्भवती महिला का गर्भावस्थां के प्रथम त्रैमास में पंजीयन सुनिश्चित हो तथा उसे 4 बार चिकित्सोक से सलाह प्राप्तक हो, साथ ही सुरक्षित प्रसव एवं जननी सुरक्षा की राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित हो। बैठक में कलेक्ट र ने टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि टीकाकरण सत्र स्थ ल पर ड्यू लिस्टक अनिवार्यत: उपलब्ध रहे अन्यथा सख्ती कार्यवाही की जावेगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, पीओ डूडा श्री चंद्रसिह धार्वे, मुख्य चिकित्साब अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटील, विश्वद्स्वास्थ्य संगठन के डॉ.रितेश बजाज, सभी नोडल अधिकारी सहित सभी बीएमओ, शासकीय चिकित्सकक, सेक्टर मेडिकल आफिसर आदि उपस्थित थे।

# जालसाज 5 मिनट में सौ खातों में घुमा देते हैं ठगी के पैसे, इस तरह रेंटल अकाउंट्स से करते हैं साइबर फ्राड

**भोपाल, 02 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** शांति का टापू कहे जाने वाले मप्र की राजधानी भोपाल में साइबर अपराधियों ने इस शहर में घुसपैठ बना ली है। हाल ही में देश के अन्य राज्यों में साइबर ठगी के मामलों में जांच में पता चला कि ठगी की रकम राजधानी में रह रहे कुछ लोगों के खातों में ट्रांसफर हुई है। ठगी के लिए चर्चित राज्यों की तरह भोपाल के रहवासियों के भी बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी में होने लगा है।

**खाताधारकों को कमीशन–** साइबर पुलिस का कहना है कि पिछले दिनों बिहार के गिरोह के गिरफ्त में आने के बाद बैंक से जानकारी जुटाई जा रही थी कि खातों को किराये पर देने के बाद उनको कितना कमीशन दिया जा रहा था। जांच में सामने आया है खाते में आई ठगी की राशि का करीब 10 से 15 प्रतिशत तक इन खाताधारकों को दिया जाता था।



**खंगाले जा रहे 400 से अधिक बैंक खाते–** प्रदेश श्योपुर, शिवपुरी, टीकमगढ़ और भोपाल के ऐसे करीब 400 बैंक को खंगाला जा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि ठगों ने अलग अलग प्रदेश और उसके बाहर किराये के बैंक खातों का ऐसा नेटवर्क तैयार किया है उन तक पहुंच पाने की सभावना बहुत कम हो जाती है।

**5 मिनट में कई खातों में घुमा देते हैं रकम–** ठग पांच मिनट के भीतर 100 से 150 बैंक खातों में रकम को घुमा दे रहे हैं। पुलिस जब तक एक खाते को फ्रीज कराती है रकम दूसरे, फिर तीसरे खाते में पहुंच जाती है। साइबर एक्सपर्ट संदीप शर्मा ने बताया कि लोन एप जैसे साइबर ठग रहते तो विदेश में हैं, लेकिन भारत में इनका पूरा सिंडिकेट काम करता है।

**महिलाओं, छात्रों, बेरोजगारों के खाते किराए पर–** अब यह प्रदेश के लोगों के बैंक खाता भी किराये पर लेने लगे हैं। इसके बदले साइबर ठग खाताधारकों को मोटी रकम देते हैं, ऐसे में बेरोजगार लोगों को लगता है कि इससे घर बैठे ही मोटी कमाई हो जाती है। इसलिए इनके निशाने पर कम आय वाले लोग रहते हैं, छात्र और महिलाओं के बैंक खातों का यह उपयोग करते हैं। जब ऑनलाइन ठगी में अधिकांश मामलों में पुलिस इन खाताधारकों को गिरफ्तार करती, तब तक मुख्य आरोपित बाहर निकल जाते हैं।

**खुदकुशी करने वाले भूपेंद्र की ठगी की राशि भी भोपाल में हुई थी जमा–** नवंबर 2023 में पुलिस ने आनलाइन लोन एप में फंसने के बाद पत्नी-बच्चों सहित जान देने वाले भूपेंद्र विश्वकर्मा के रुपये ठगने वाले जिन अपराधियों को पुलिस ने देशभर में तलाश रही थी, वह शहर में ही मौजूद थे। लोन एप की ठगी की राशि कई जगहों से होती हुई भोपाल के पांच लोगों के जमा हुई थी। इस मामले में पांच आरोपितों को बाद में गिरफ्तार किया गया।

**बैंक मैनेजर ने बेचे 8 खाते, गिरफ्तार हो चुकी है–** सितंबर 2024 में साइबर पुलिस ने ऑनलाइन ठगी में क्राइम ब्रांच से की। जांच में पता चला कि निजी बैंक का रिलेशनशिप मैनेजर आसिफ खान इस मामले में शामिल है। इसके बाद ब्रांच के रिलेशनशिप मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने करीब आठ अकाउंट साइबर ठगों को बेचे हैं।

**खाते बेचने में इन लोगों की भी हुई गिरफ्तारी–** अक्टूबर 2024 में साइबर क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई की, जिसमें फर्जी पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज यानि पीएमएस वेबसाइट का इस्तेमाल कर आनलाइन निवेश धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के लिए भोपाल के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें मीनल रेजीडेंसी निवासी सचिन कुमार गौतम, निखिल सिंह और अशोका गार्डन के पुरुषोत्तम नगर निवासी आकाश कुमार ने ठगी के किराये के खातों को बेचने में मदद की।

**इन जिलों में किराये के खातों का अधिक उपयोग–** पूर्व एसपी एके जायसवाल ने बताया कि इस समय टीकमगढ़ जिले के कुछ गांव में ठगी का काम जोरों पर है।जहां किराये के खाते साइबर ठग का उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी तरह से शिवपुरी जिले के करेरा, श्योपुर के रघुनाथपुर के आसपास के क्षेत्रो में यह कम हो रहा है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in